## रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 03/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** **झारखंड ने बरवाडीह पश्चिमी वन रेंज (Barwadih Western Forest Range) में अपनी पहली बाघ सफारी की घोषणा की है; यह किस बाघ अभयारण्य का भाग है?**

**Ans**
✗ 1. बांदीपुर बाघ अभयारण्य
✗ 2. पेंच बाघ अभयारण्य
✓ 3. पलामू बाघ अभयारण्य
✗ 4. संजय गांधी बाघ अभयारण्य

**Q.2** **यूनाइटेड किंगडम ने चागोस द्वीप को निम्नलिखित में से किस देश को सौंपने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?**

**Ans**
✗ 1. मलेशिया
✗ 2. इंडोनेशिया
✓ 3. मॉरीशस
✗ 4. मेडागास्कर

**Q.3** **निम्नलिखित में से किस भारतीय निर्णय ने संविधान की 'मूल संरचना' की संकल्पना निर्धारित की?**

**Ans**
✗ 1. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ
✓ 2. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
✗ 3. मेनका गांधी बनाम भारत संघ
✗ 4. गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

**Q.4** **निम्नलिखित में से शॉर्टकट कुंजियों (keys) और फ़ंक्शनों का कौन-सा संयोजन सही सुमेलित है?**

**Ans**
✗ 1. Ctrl + Tab – सिलेक्ट किए गए टेक्स्ट को कॉपी करना
✗ 2. Ctrl + F – खुले टैबों के बीच स्विच करना
✓ 3. Ctrl + C – कंटेंट को क्लिपबोर्ड पर कॉपी करना
✗ 4. Ctrl + V – डॉक्यूमेंट में एक विशिष्ट शब्द ढूंढना

**Q.5** **चट्टानों की रासायनिक संरचना में कोई परिवर्तन किए बिना छोटे-छोटे खंडों में विघटित होने को क्या कहते हैं?**

**Ans**
✓ 1. बलकृत अपक्षय (Mechanical weathering)
✗ 2. शैलखंड विघटन (Block disintegration)
✗ 3. अपशल्कन (Exfoliation)
✗ 4. तुषार क्रिया (Frost Action)

Q.6 आर्थिक दृष्टि से वैश्वीकरण का मुख्य अर्थ क्या है?

Ans
1. सीमाओं को बंद करना
2. विदेशी निवेश को रोकना
3. व्यापार को सीमित करना
4. विश्व अर्थव्यवस्था से जुड़ना ✔

Q.7 केरल की 2025 स्वास्थ्य सेवा सुधार पहल का आधिकारिक नाम क्या है?

Ans
1. केरल स्वास्थ्य प्रणाली सुधार कार्यक्रम (Kerala Health System Improvement Programme) ✔
2. बेटर हेल्थ ब्लूप्रिंट (Better Health Blueprint)
3. केयर4केरल मिशन (Care4Kerala Mission)
4. व्यापक स्वास्थ्य केरल (Comprehensive Health Kerala)

Q.8 कावेरी डेरिवेटिव इंजन (Kaveri Derivative Engine - KDE) का प्रमाणन प्रक्रिया के भाग के रूप में अंतिम उड़ान-मध्य परीक्षण (in-flight testing) कहां और कब किया जाना निर्धारित है?

Ans
1. चीन, 2026 के मध्य में
2. रूस, 2025 के अंत में ✔
3. फ्रांस, 2025 के अंत में
4. भारत, 2025 के प्रारंभ में

Q.9 एमएस विंडोज़ में किसी फ़ाइल या फ़ोल्डर का नाम बदलने के लिए निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. फ़ाइल पर राइट-क्लिक करें और 'Rename' सेलेक्ट करें ✔
2. फ़ाइल को ओपन करने के लिए उस पर डबल-क्लिक करें
3. 'Ctrl + R' दबाएँ
4. फ़ाइल पर राइट-क्लिक करें और 'Delete' सेलेक्ट करें

Q.10 हरित क्रांति की सफलता के लिए प्रौद्योगिकीय नवप्रवर्तन महत्वपूर्ण था। भारत में HYV बीजों की सफलता किस महत्वपूर्ण उत्पाद पर प्रासंगिक थी?

Ans
1. रासायनिक उर्वरक ✔
2. हाथ के औजार
3. जैविक खाद
4. वन आवरण

Q.11 भारतीय संविधान का 91वां संशोधन किस वर्ष अधिनियमित किया गया था?

Ans
1. 1978
2. 2003 ✔
3. 1989
4. 2000

Q.12 560 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में एकीकृत करने के पीछे मुख्य वास्तुकार कौन थे?

Ans
1. जवाहरलाल नेहरू
2. राजेंद्र प्रसाद
3. सरदार वल्लभभाई पटेल ✔
4. लॉर्ड माउंटबेटन

Q.13 केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम निम्नलिखित में से किस वर्ष लागू किया गया था?

Ans
1. 2009
2. 2017 ✔
3. 2013
4. 2007

**Q.14** संविधान की कौन-सी अनुसूची पूर्वोत्तर के अलावा अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है?

**Ans**
✔ 1. पाँचवीं अनुसूची
✘ 2. छठी अनुसूची
✘ 3. नौवीं अनुसूची
✘ 4. सातवीं अनुसूची

**Q.15** दिसंबर 2024 में राज्यसभा में पारित भारतीय वायुयान अधिनियम किसने प्रस्तुत किया?

**Ans**
✘ 1. किरण रिजिजू
✘ 2. हरदीप सिंह पुरी
✘ 3. ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया
✔ 4. राम मोहन नायडू

**Q.16** निम्नलिखित में से किस भारतीय खिलाड़ी ने मार्च 2025 के लिए ICC मेन्स प्लेयर ऑफ़ द मंथ (ICC Men's Player of the Month) का पुरस्कार जीता?

**Ans**
✘ 1. के.एल. राहुल
✘ 2. विराट कोहली
✘ 3. रोहित शर्मा
✔ 4. श्रेयस अय्यर

**Q.17** मार्च 2025 में, खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का दूसरा संस्करण निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया था?

**Ans**
✘ 1. बेंगलुरु
✘ 2. हैदराबाद
✘ 3. मुंबई
✔ 4. नई दिल्ली

**Q.18** अप्रैल 2025 तक की स्थिति के अनुसार, खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष (PDUNWFS) योजना के अंतर्गत कितनी मासिक पेंशन दी जाती है?

**Ans**
✘ 1. ₹3,000
✘ 2. ₹4,000
✔ 3. ₹5,000
✘ 4. ₹6,000

**Q.19** विंध्य पर्वतमाला का सुदूर पूर्वी भाग (easternmost part), कैमूर की पहाड़ियाँ, मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के समीप से शुरू होकर बिहार के किस जिले के समीप समाप्त होती हैं?

**Ans**
✘ 1. पटना
✔ 2. रोहतास
✘ 3. मुंगेर
✘ 4. नवादा

**Q.20** नवंबर 2024 में आयोजित VINBAX में किस भारतीय सैन्य इकाई ने भारत का प्रतिनिधित्व किया?

**Ans**
✘ 1. गोरखा राइफल्स (Gorkha Rifles)
✘ 2. मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट (Mechanised Infantry Regiment)
✔ 3. कोर्प्स ऑफ इंजीनियर्सर (Corps of Engineers)
✘ 4. पैराशूट रेजिमेंट (Parachute Regiment)

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, भारत में जनसंख्या के असमान वितरण को सर्वाधिक प्रभावित करता है?

Ans
1. भाषा विविधता
2. मृदा उर्वरता और जल उपलब्धता
3. राष्ट्रीय आय
4. ट्रेड यूनियन नीतियां

Q.22 माउंटेन वेस्ट इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप (Mountain West Indoor Track and Field Championships) 2025 में किस भारतीय एथलीट ने महिलाओं के शॉट पुट इनडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया?

Ans
1. कृष्णा जयशंकर
2. मनप्रीत कौर
3. कमलप्रीत कौर
4. नवजीत कौर ढिल्लों

Q.23 निम्नलिखित में से क्या, भारत में किसी सांविधिक निगम की एक विशिष्ट विशेषता है?

Ans
1. इसके कर्मचारियों को सामान्य नियमों के तहत सरकारी सिविल सेवक माना जाता है।
2. यह एक अधिनियम द्वारा स्थापित होता है, इसकी अलग विधिक पहचान होती है, और इसके द्वारा मुकदमा किया जा सकता है या इस पर मुकदमा चलाया जा सकता है।
3. यह पूरी तरह से निजी शेयरधारकों के स्वामित्व में होता है और इसे कोई सरकारी निधीयन प्राप्त नहीं होता है।
4. सरकार से अलग इसका कोई विधिक अस्तित्व नहीं होता है।

Q.24 खेलो इंडिया योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
1. महानगरों में खेल संगठन और स्टेडियम बनाना
2. पारंपरिक गेम्स और खेलों को प्रोत्साहित करना
3. खेल संस्कृति को मजबूत करना और युवा प्रतिभाओं की पहचान करना
4. स्कूलों और कॉलेजों में योग को बढ़ावा देना

Q.25 तीव्र शहरीकरण के कारण भारतीय शहरों के लिए प्रमुख चुनौती निम्नलिखित में से कौन-सी है?

Ans
1. हरित स्थानों तक बेहतर पहुंच
2. शहर के सभी क्षेत्रों में पैदल चलने की सुविधा में वृद्धि
3. अवसंरचना और सेवाओं पर दबाव
4. शहरी बेरोज़गारी में कमी

Q.26 किस नियम के अनुसार किसी यौगिक में द्रव्यमान के अनुसार समान तत्व हमेशा समान अनुपात में होते हैं?

Ans
1. द्रव्यमान संरक्षण का नियम
2. निश्चित अनुपात का नियम
3. गुणित अनुपात का नियम
4. अवोगाद्रो का नियम

Q.27 1831-32 में किस जनजातीय विद्रोह का नेतृत्व बुधु भगत ने किया था और इसमें शोषक जमींदारों और ब्रिटिश अधिकारियों को लक्षित किया गया था?

Ans
1. मुंडा विद्रोह
2. संथाल विद्रोह
3. कोल विद्रोह
4. भील विद्रोह

Q.28 मार्च 1950 में निम्नलिखित में से कौन, योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में शामिल हुए?

Ans
- ✗ 1. जॉन मथाई
- ✗ 2. जगजीवन राम
- ✓ 3. गुलजारीलाल नंदा
- ✗ 4. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

Q.29 1947 में स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की मुख्य विशेषता क्या थी?

Ans
- ✗ 1. उच्च प्रति व्यक्ति आय
- ✗ 2. औद्योगिक क्षेत्र का प्रभुत्व
- ✓ 3. कम उत्पादकता के साथ मुख्य रूप से कृषिभूमि विकास
- ✗ 4. खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता

Q.30 एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (AIDS) रोग का प्रथम केस किस वर्ष सामने आया?

Ans
- ✓ 1. 1981
- ✗ 2. 1977
- ✗ 3. 1992
- ✗ 4. 1988

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अमरकंटक पठार से निकलती है?

Ans
- ✗ 1. गंगा
- ✗ 2. ताप्ती
- ✓ 3. नर्मदा
- ✗ 4. महानदी

Q.32 वर्ष 2025 तक भारत में किस नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत की संस्थापित क्षमता सबसे अधिक है?

Ans
- ✗ 1. जल शक्ति
- ✓ 2. सौर ऊर्जा
- ✗ 3. पवन ऊर्जा
- ✗ 4. भूतापीय ऊर्जा

Q.33 भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का कार्यकाल कितना है?

Ans
- ✓ 1. 6 महीने
- ✗ 2. 1 वर्ष
- ✗ 3. 3 वर्ष
- ✗ 4. 2 वर्ष

Q.34 जब ऐल्कॉक्साइड आयन SN2 तंत्र के माध्यम से प्राथमिक एल्काइल हैलाइड पर आक्रमण करता है, तब कौन-सी अभिक्रिया होती है?

Ans
- ✗ 1. कूमैरिन संश्लेषण (Coumarin synthesis)
- ✗ 2. फ्राइडलेंडर संश्लेषण (Friedlaender synthesis)
- ✗ 3. अरंड्ट-ईस्टर्ट संश्लेषण (Arndt-Eistert synthesis)
- ✓ 4. विलियमसन संश्लेषण (Williamson synthesis)

Q.35 भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मूल न्याय क्षेत्र (अधिकारिता) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ 1. यह अधिकरणों के निर्णयों की समीक्षा करता है
- ✗ 2. यह अपराधियों को क्षमादान प्रदान करता है
- ✓ 3. यह संघ और राज्यों के बीच विवादों का निपटारा करता है
- ✗ 4. यह केवल आपराधिक अपीलों से संबंधित है

Q.36 पल्लव राजाओं ने कौन-सी उपाधि धारण की, ताकि यह दर्शाया जा सके कि उनका शासन धर्मशास्त्रों के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित था?

Ans
✗ 1. महाराजाधिराज
✓ 2. धर्म-महाराजा
✗ 3. चक्रवर्ती
✗ 4. राजाधिराज

Q.37 15 मई 2025 को किस भारतीय संस्थान ने जापान के शार्प सेमीकंडक्टर इनोवेशन कॉरपोरेशन (SSIC) के साथ मिलकर बियॉन्ड 5G (B5G) और 6G वायरलेस तकनीकों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया?

Ans
✗ 1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे (IIT-B)
✗ 2. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT-M)
✓ 3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद (IIT-H)
✗ 4. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (IIT-D)

Q.38 1 जनवरी 2025 को ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप के लिए व्यापक और प्रगतिशील समझौते (CPTPP) की अध्यक्षता किस देश ने की?

Ans
✗ 1. कनाडा
✗ 2. न्यूज़ीलैंड
✗ 3. जापान
✓ 4. ऑस्ट्रेलिया

Q.39 लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त होने के योग्य है?

Ans
✗ 1. भारत के एक सेवानिवृत्त कैबिनेट सचिव
✗ 2. उच्च न्यायालय के एक कार्यरत न्यायाधीश
✓ 3. सर्वोच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश
✗ 4. एक वर्तमान संसद सदस्य

Q.40 पाँच ग्राम समितियाँ (वरियाम) जैसे कि नीरनिलाई वरियाम (neernilai variyam) और नीधि वरियाम (needhi variyam), निम्नलिखित में से किस राजवंश की एक अनूठी प्रशासनिक विशेषता थीं?

Ans
✓ 1. पाण्ड्य
✗ 2. गुप्त
✗ 3. मौर्य
✗ 4. सातवाहन

## Section : **Mathematics**

Q.1 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 4 और 208 है। यदि उनमें से एक संख्या 52 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 55
✗ 3. 45
✓ 4. 16

Q.2 25 पुस्तकों का विक्रय मूल्य, 37 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 48% लाभ
✗ 2. $\frac{100}{12}\%$ हानि
✗ 3. $\frac{100}{12}\%$ लाभ
✗ 4. 48% हानि

Q.3 यदि किसी आयताकार भूखंड की लंबाई 68 m तथा क्षेत्रफल 1904 $m^2$ है, तो उसका परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 192 m
✘ 2. 165 m
✘ 3. 186 m
✘ 4. 174 m

Q.4 उधार ली गई ₹3,000 की धनराशि पर 8% वार्षिक ब्याज दर से 6 वर्ष का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 1,380
✘ 2. 1,400
✔ 3. 1,440
✘ 4. 1,480

Q.5 एक सम बहुभुज का बहिष्कोण, उसके अंत: कोण का सातवाँ भाग होता है। बहुभुज में कितनी भुजाएँ हैं?

Ans
✘ 1. 12
✔ 2. 16
✘ 3. 18
✘ 4. 24

Q.6 397 और 407 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या, दोनों संख्याओं सहित, ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 4
✘ 2. 6
✘ 3. 1
✔ 4. 2

Q.7 $x(3x - 8) + 3(x^2 - 5) + 11$ को सरल कीजिए।

Ans
✘ 1. $-6x^2 - 8x + 4$
✔ 2. $6x^2 - 8x - 4$
✘ 3. $-6x^2 - 8x - 4$
✘ 4. $6x^2 - 8x + 4$

Q.8 संख्या 2.9 और 0.031 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 8.99
✘ 2. 899
✘ 3. 0.899
✔ 4. 89.9

Q.9 संख्या 938315 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✘ 1. 9
✔ 2. 5
✘ 3. 13
✘ 4. 12

**Q.10** अंजनी एक कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकती है। अंजनी और खुशबू मिलकर उसी कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकती हैं तथा अंजनी, खुशबू और सुष्मिता मिलकर उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकती हैं। अंजनी और सुष्मिता मिलकर उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

**Ans**
- ✔ 1. $\frac{72}{7}$
- ✘ 2. $\frac{70}{7}$
- ✘ 3. $\frac{80}{8}$
- ✘ 4. $\frac{82}{9}$

**Q.11** एक संख्या को 80% बढ़ाने पर 2880 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 800
- ✘ 2. 4800
- ✔ 3. 1600
- ✘ 4. 3200

**Q.12** आरोही को 907 km दूर स्थित लखनऊ 14 घंटे में पहुँचना है। 5 घंटे के लिए उसकी प्रारंभिक चाल 32 km/hr थी। अगले 81 km के लिए उसकी चाल 27 km/hr थी। 14 घंटे के निर्धारित समय में लखनऊ पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी चाहिए?

**Ans**
- ✘ 1. 108 km/hr
- ✘ 2. 117 km/hr
- ✔ 3. 111 km/hr
- ✘ 4. 107 km/hr

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात, सबसे बड़ा है?

**Ans**
- ✘ 1. 22 : 54
- ✘ 2. 42 : 68
- ✔ 3. 46 : 51
- ✘ 4. 48 : 90

**Q.14** उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 196 m और 271 m भुजाओं वाले एक आयत के अंदर पूर्णतः खींचा जा सकता है।
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**
- ✘ 1. 614
- ✘ 2. 608
- ✘ 3. 613
- ✔ 4. 616

**Q.15** किसी निश्चित मूलधन पर 3.2% वार्षिक ब्याज दर पर $8\frac{1}{2}$ वर्ष का साधारण ब्याज ₹2,550 है। उसी मूलधन पर 9.6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर $5\frac{4}{5}$ वर्ष में देय मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. ₹14,613
- ✔ 2. ₹14,595
- ✘ 3. ₹14,609
- ✘ 4. ₹14,583

Q.16 यदि $6x = \operatorname{cosec} \theta$ और $\frac{6}{x} = \cot \theta$ है, तो $18\left(x^2 - \frac{1}{x^2}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $\frac{1}{3}$
- ✓ 2. $\frac{1}{2}$
- ✗ 3. $-\frac{1}{2}$
- ✗ 4. $\frac{\sqrt{3}}{2}$

Q.17 P की वर्तमान आयु का दोगुना, Q की वर्तमान आयु से 15 वर्ष अधिक है। 9 वर्ष बाद, Q की आयु का दोगुना, उस समय P की आयु के दोगुने से 14 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
- ✗ 1. 3
- ✗ 2. 8
- ✓ 3. 1
- ✗ 4. 6

Q.18 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 43 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 15 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 34.52
- ✗ 2. 35.52
- ✗ 3. 36.52
- ✗ 4. 33.52

Q.19 एक वाहन का अंकित मूल्य ₹6,48,200 है। इसे 6%, 5% और 4% की तीन क्रमिक छूटें देने के बाद बेचा जाता है। इसका विक्रय मूल्य (निकटतम रुपए में पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹5,60,789
- ✗ 2. ₹5,48,600
- ✗ 3. ₹5,70,650
- ✓ 4. ₹5,55,689

Q.20 $24^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 626
- ✗ 2. 546
- ✓ 3. 576
- ✗ 4. 536

Q.21 पांच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 80 है और तीसरी संख्या 105 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 196
- ✗ 2. 185
- ✗ 3. 186
- ✓ 4. 195

Q.22 दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 2645 है। यदि पहली संख्या, दूसरी संख्या की पाँच गुनी है, तो दोनों संख्याओं का योग कितना है?

Ans
- ✗ 1. 155
- ✓ 2. 138
- ✗ 3. 149
- ✗ 4. 146

Q.23 अंशुमान और कुणाल ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹70,400 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹12,000 के कुल लाभ में से, कुणाल का हिस्सा ₹1,800 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

Ans
1. ₹49,280 ✔
2. ₹47,329 ✘
3. ₹48,614 ✘
4. ₹50,554 ✘

Q.24 A किसी कार्य को 11 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 24 दिनों में कर सकता है। यदि वे 2 दिनों तक एक साथ इस पर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा?

Ans
1. $\frac{107}{132}$ ✘
2. $\frac{97}{132}$ ✔
3. $\frac{103}{132}$ ✘
4. $\frac{99}{132}$ ✘

Q.25 $\sqrt{400} + \sqrt{0.0121} - \sqrt{7.84}$ का मान ________ है।

Ans
1. 4.24 ✘
2. 17.31 ✔
3. 15.32 ✘
4. 2.92 ✘

Q.26 डेविड ने कुछ शार्पनर ₹150 प्रति दर्जन की दर से खरीदे। उसने उन्हें ₹43 प्रति शार्पनर की दर से बेचा। उसका लाभ प्रतिशत ______% है।

Ans
1. 244 ✔
2. 246 ✘
3. 248 ✘
4. 242 ✘

Q.27 ईशान और मेघना को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। ईशान 147 km/hr की चाल से कार चला रहा है, जबकि मेघना 42 km/hr की चाल से कार चला रही है। यदि ईशान को कानपुर पहुंचने में 8 घंटे लगते हैं, तो मेघना को पहुंचने में कितना समय लगेगा?

Ans
1. 28 घंटे ✔
2. 19 घंटे ✘
3. 32 घंटे ✘
4. 33 घंटे ✘

Q.28 ₹785 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 19 : 3 : 18 के अनुपात में बांटा गया है। वितरण में सबसे बड़े और सबसे छोटे हिस्से में कितना अंतर (₹ में) है?

Ans
1. 314 ✔
2. 315 ✘
3. 369 ✘
4. 387 ✘

Q.29 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 96% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और 10% मत अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों का 57% प्राप्त हुआ और वह 378 मतों के अंतर से चुनाव जीत जाता है। कुल कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
- ✗ 1. 3122
- ✗ 2. 21872
- ✓ 3. 3125
- ✗ 4. 3123

Q.30 एक फर्नीचर का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 35% अधिक अंकित है। दुकानदार अंकित मूल्य पर 18% की छूट देता है और फिर भी ₹1,498 का लाभ अर्जित करता है। फर्नीचर का क्रय मूल्य कितना है?

Ans
- ✗ 1. ₹12,000
- ✗ 2. ₹16,000
- ✓ 3. ₹14,000
- ✗ 4. ₹15,000

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.1 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। G के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। E और F के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। C पंक्ति के दाएं छोर से पांचवें स्थान पर बैठा है। B, A के ठीक दायीं ओर पड़ोस में लेकिन E के बाएं बैठा है। D के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ 1. पांच
- ✗ 2. चार
- ✗ 3. दो
- ✗ 4. तीन

Q.2 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी स्टार,आयत हैं।
सभी शंकु, आयत हैं।

निष्कर्ष :
(I): कुछ स्टार, शंकु हैं।
(II): कुछ आयत, शंकु हैं।

Ans
- ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✓ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.3 छह मित्र, B, C, D, E, F और N, उत्तर की ओर अभिमुख हो एक सीधी पंक्ति में बैठे हुए हैं। D के दाईं ओर कोई भी नहीं बैठा है। D और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F, E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। N और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हुए हैं?

Ans
- ✗ 1. एक भी नहीं
- ✗ 2. दो
- ✗ 3. एक
- ✓ 4. तीन

Q.4 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. QLO
- ✓ 2. VQU
- ✗ 3. ZUX
- ✗ 4. XSV

**Q.5** मनोज, बिंदु A से शुरू करता है और उत्तर की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ 1. 11 km, पूर्व की ओर
- ✓ 2. 11 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 3. 9 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 4. 9 km, दक्षिण की ओर

**Q.6** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 @ 8 $ 7 1 * 2 + £ 5 & 3 Ω 9 # % 4 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अन्य प्रतीक भी है?

**Ans**
- ✗ 1. 4
- ✓ 2. 2
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 1

**Q.7** 90 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। श्री ल्यू दाएं छोर से 16वें स्थान पर हैं, जबकि श्री सांगा बाएं छोर से 39वें स्थान पर हैं। श्री ल्यू और श्री सांगा के बीच कितने व्यक्ति हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 34
- ✓ 2. 35
- ✗ 3. 37
- ✗ 4. 32

**Q.8** एक निश्चित कूट भाषा में,
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E $ F @ G ÷ M + N' है, तो E का N से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✓ 1. बहन
- ✗ 2. माता
- ✗ 3. पत्नी
- ✗ 4. पुत्री

**Q.9** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

691 692 690 691 689 690 688 ?

**Ans**
- ✗ 1. 687
- ✗ 2. 690
- ✓ 3. 689
- ✗ 4. 688

**Q.10** 43 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हुए हैं। कुमार बाएं छोर से 29वें स्थान पर है जबकि मोहना दाएं छोर से 9वें स्थान पर है। कुमार और मोहना के बीच कितने व्यक्ति खड़े हुए हैं?

**Ans**
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. चार
- ✓ 3. पांच
- ✗ 4. तीन

Q.11 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। (नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 5 @ 1 £ 3 * 4 7 + $ 9 % 6 2 & 8 Ω # (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याएँ हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दाएँ से छठी होगी?

Ans
✔ 1. +
✘ 2. *
✘ 3. @
✘ 4. $

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

CHR HMW MRB RWG ?

Ans
✔ 1. WBL
✘ 2. WLK
✘ 3. WKL
✘ 4. WLB

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. LKO
✘ 2. NQL
✘ 3. UXS
✘ 4. EHC

Q.14 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 B 3 D 112 A 16 C 6 = ?

Ans
✘ 1. 57
✘ 2. 49
✘ 3. 45
✔ 4. 53

Q.15 एक निश्चित कूट भाषा में, 'RACK' को '3192' तथा 'JACK' को '1326' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'J' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 3
✘ 2. 2
✔ 3. 6
✘ 4. 1

Q.16 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई घड़ी, धनुष नहीं है।
कोई धनुष, टाई नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई घड़ी, टाई नहीं है।
(II) कोई धनुष, घड़ी नहीं है।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✓ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.17 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/ घटाना/ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 तथा 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

25, 100
21, 84

Ans
✗ 1. 40, 180
✗ 2. 28, 102
✗ 3. 35, 120
✓ 4. 32, 128

Q.18 संख्या 7812345 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✓ 1. एक भी नहीं
✗ 2. एक
✗ 3. तीन
✗ 4. दो

Q.19 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

SOLD - OSLD - DOSL
BAKE - ABKE - EABK

Ans
✓ 1. NEAM - ENAM - MENA
✗ 2. CAME - ACME - AMEC
✗ 3. MILK - IMLK - KILM
✗ 4. CURD - CRUD - DRUC

Q.20 एक निश्चित कूट भाषा में, 'mud depth urn' को 'qz bd aa' के रूप में और 'rain dog mud' को 'bd gl kn' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'mud' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ 1. gl
✓ 2. bd
✗ 3. qz
✗ 4. aa

Q.21 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

WTX SPT OLP KHL ?

Ans
✔ 1. GDH
✘ 2. GDI
✘ 3. GCI
✘ 4. GCH

Q.22 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

14 26 49 81 124 ?

Ans
✘ 1. 167
✔ 2. 176
✘ 3. 187
✘ 4. 178

Q.23 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

35 44 55 68 83 ?

Ans
✘ 1. 128
✘ 2. 116
✔ 3. 100
✘ 4. 122

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. GBVR
✘ 2. BWQM
✘ 3. QLFB
✔ 4. SMHD

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से WFJU का संबंध YILX से है। उसी तरीके से, ERRG का संबंध GUTJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से KAXP का संबंध किससे है?

Ans
✘ 1. MXZS
✔ 2. MDZS
✘ 3. MZSD
✘ 4. MDSZ

Q.26 यदि संख्या 1593486 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के बाएं से तीसरे और दाएं से तीसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
✘ 1. 8
✘ 2. 12
✘ 3. 9
✔ 4. 10

**Q.27** प्रतीक, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ 1. 2 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 2. 3 km, पूर्व की ओर
- ✓ 3. 2 km, पूर्व की ओर
- ✗ 4. 3 km, पश्चिम की ओर

**Q.28** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 ÷ 3 + 49 × 7 – 13 = ?

**Ans**
- ✗ 1. 41
- ✓ 2. 57
- ✗ 3. 45
- ✗ 4. 43

**Q.29** सात बॉक्स, A, B, C, D, M, N और O, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
D के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। D और O के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। M के ऊपर केवल A को रखा गया है। C को B के नीचे किसी स्थान पर लेकिन N के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। नीचे से दूसरे स्थान पर किस बॉक्स को रखा गया है?

**Ans**
- ✗ 1. O
- ✗ 2. A
- ✓ 3. N
- ✗ 4. D

**Q.30** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से FHNR का संबंध MMSY है। उसी तरीके से, HBHT का संबंध OGMA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CQWO का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**
- ✓ 1. JVBV
- ✗ 2. JBVV
- ✗ 3. JVVB
- ✗ 4. BVVJ